दैनिक भास्कर

फर्ज़ीवाड़ा / बॉर्डर एरिया खाजूवाला में पकड़े सौ-सौ रुपए के 9 नकली नोट

- **एक ही सीरियल नंबर के नोट बरामद, नाबालिग युवक निरूद्ध**

Hindi News | Local | Rajasthan | Bikaner

9 fake currency notes

Jun 14, 2020, 06:29 AM IST

बीकानेर. बीकानेर जिले के खाजूवाला बॉर्डर पर सौ-सौ के नकली नोट पकड़े गए हैं। पुलिस ने नाबालिग युवक से नोट बरामद कर उसे निरुद्ध किया है। खाजूवाला में पिछले दो-तीन दिनों ने बाजार में सौ - सौ रुपए के नकली नोट चलाए जा रहे थे। पुलिस को भी इसकी इत्तला मिली।

एसएचओ विक्रमसिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार की रात को एक चक 2 केडब्लयूएम कालूवाला निवासी 17 साल का नाबालिग युवक 17 केवाईडी फांटे पर खड़ा था जिस पर पुलिस को शक था। पुलिस ने वहां पहुंचकर युवक से पूछताछ की और तलाशी ली तो उसके पास से सौ-सौ रुपए के 9 नकली नोट बरामद हो गए जो एक ही सीरियल नंबर के थे। नोटों के मध्य का चमकीला धागा उपर से चिपकाया हुआ लग रहा था।

नाबालिग युवक को निरुद्व कर पूछताछ की और शनिवार को उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जहां से संप्रेषण गृह भेजा गया है। युवक का कहना है कि उसने सौ-सौ के नोट ई-मित्र से लिए थे। ई-मित्र के संचालक सतवीर से पूछताछ की तो उसने नकली नोट देने से मना कर दिया। पुलिस छानबीन कर रही है कि नकली कहां से आए। गौरतलब है कि एक- दो अन्य लोगों ने भी पुलिस को नकली नोट के बारे में जानकारी दी जिसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/bikaner/news/9-fake-currency-notes-127408001.html